Girls' High School & College, Prayagraj

Worksheet No. 2

Session 2020-21

Class-4 A-F

Subject- Hindi

निर्देश: अभिभावकों से अनुरोध है कि नीचे लिखे पाठ के गद्यांश को पढ़कर बच्चों से प्रश्नों के उत्तर लिखवाए तथा याद करवाएं।

पाठ 6 गुरु नानक देव

गुरु नानक देव ने 25 वर्ष की आयु से पहले ही पूरे भारत का 4 बार चक्कर लगा लिया। इन दिनों आने-जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी इसलिए इन्होंने यह यात्रा पैदल चलकर ही की थी।

उन दिनों भारत में यवनों का राज्य था। यवनों के अत्याचारों से पंजाब की जनता परेशान थी। वह अत्याचारी राजा हिंदुओं को मार - मार कर उनके धर्म को एक दूसरे के धर्म में बदलने के लिए प्रेरित करता था। वेदों, शास्त्रों की परंपरा खत्म होती जा रही थी। गुरु नानक देव ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सिख संप्रदाय की नींव डाली तथा जपुजी साहिब नामक ग्रंथ की रचना की। एक बार एक धनवान व्यक्ति ने इन्हें भोजन के लिए निमंत्रित किया। इसी दौरान उनका शिष्य लालू बढ़ई भी भोजन ले आया। एक तरफ रुखा-सूखा भोजन तथा दूसरी तरफ स्वादिष्ट भोजन था। गुरुजी ने स्वादिष्ट भोजन त्याग कर रुखा-सूखा भोजन स्वीकार किया। इस पर धनवान व्यक्ति बहुत क्रोधित हुआ।

गुरु नानक देव ने एक हाथ में लालू की रूखी-सूखी रोटी ली और दूसरे हाथ में धनवान की स्वादिष्ट रोटी ली तथा दोनों को कस कर दबाया तो लालू की रोटी में से दूध की बूंदे और धनवान की रोटी में से खून की बूंदे टपकी| यह देखकर वहां उपस्थित लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ| तब गुरुजी ने बताया कि व्यक्ति को अपना जीवन मेहनत और ईमानदारी से व्यतीत करना चाहिए|

Q1. रिक्त स्थान भरिए:

1. भारत में .... का राज्य था।

2. वेदों, ...की परंपरा खत्म होती जा रही थी।

3. धनवान व्यक्ति ने नानक जी को .... के लिए निमंत्रित किया।

Q2. सही कथन के आगे सत्य और गलत कथन के आगे असत्य लिखिए:

1. गुरु नानक जी ने जपुजी साहिब नामक ग्रंथ की रचना की। ( )

2. उस समय भारत में शिवाजी का राज्य था। ( )

3. धनवान की रोटी में से खून की बूंदे टपकी | ( )

Q3. एक शब्द में उत्तर दीजिए :

1. पंजाब की जनता किसके अत्याचारों से परेशान थी ?

....

2. गुरु नानक जी ने किस ग्रंथ की रचना की ?

....

3. गुरु नानक जी ने किस संप्रदाय की नींव डाली ?

....

4. गुरु नानक जी के शिष्य का क्या नाम था ?

....

Q4. लघु उत्तरीय प्रश्न :

1. गुरु नानक देव ने लोगों को क्या बताया ?

....

....

2. हिंदू धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु नानक जी ने क्या प्रयास किया ?

....

....

Q5. वाक्य बनाओ :

1. धनवान ....

2. स्वादिष्ट ....

3. शिष्य ....

.... End ....